राष्ट्रीय उपस्थिति का सांस्कृतिक संस्थान

विद्या भारती संस्कृति शिक्षा संस्थान

संस्कृति भवन, लाजपतराय मार्ग, सलारपुर रोड, कुरुक्षेत्र - 136118

Vidya Bharti Sanskriti Shiksha Sansthan

Sanskriti Bhawan, Lajpatrai Marg (Salarpur Road), Kurukshetra - 136118

Website : www.samskritisansthan.com **Email :** sgpkkr@gmail.com
Mobile. 7419432001, 7419432002, 7419432003, 7419432004

पत्रांक : 181/21/2021 तिथि : पौष कृष्ण द्वादशी, वि.सं. २०७७, युगाब्द ५१२२ दिनाँक : 10.01.2021

ऑनलाइन संस्कृति ज्ञान परीक्षा विभाग

सम्माननीय बन्धुवर,

सादर नमस्कार।

ऑनलाइन संस्कृति ज्ञान परीक्षा में सहभागिता के लिए आपने अपने विद्यालय द्वारा पंजीकरण करवाया, एतदर्थ हार्दिक धन्यवाद। ऑन लाइन संस्कृति ज्ञान परीक्षा के सफल आयोजन हेतु कृपया निम्नलिखित सभी बिन्दुओं पर ध्यान देना अत्यंत आवश्यक है-

1. इस ई-मेल के साथ संलग्न फाइल देखें इसमें आपके द्वारा पंजीकृत सभी ऑनलाइन संस्कृति ज्ञान परीक्षार्थियों के पृथक-पृथक Email/Enrollment एवं Password अंकित हैं। परीक्षा देने के लिए इनका प्रयोग अनिवार्य है अर्थात् सभी परीक्षार्थियों को सावधानीपूर्वक उनका ई-मेल एवं पासवर्ड भेजकर सूचित करें। जिससे वे संस्थान के पोर्टल www.samskritisansthan.com पर संस्कृति ज्ञान परीक्षा ऑनलाइन बटन पर क्लिक कर परीक्षा में सहभागी हो सकें।
2. ऑनलाइन संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन 15 जनवरी 2021 से 15 फरवरी 2021 के मध्य होगा। अतः 15 फरवरी 2021 से पूर्व परीक्षा सम्पन्न करवाकर अपना प्रमाण पत्र डाउनलोड/Save/प्राप्त कर लें।
3. सुनिश्चित करें कि परीक्षा सम्पन्न होने के पश्चात परीक्षार्थी तुरंत अपना प्रमाण-पत्र डाउनलोड कर अपने पास 15 फरवरी 2021 से पूर्व सुरक्षित कर लें। इसके उपरान्त पुनः प्रमाण-पत्र की मांग न करें।
4. पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 15 जनवरी 2021 से 15 फरवरी 2021 के मध्य किसी भी समय कोई भी परीक्षार्थी अपनी परीक्षा दे सकता है।
5. ऑनलाइन संस्कृति ज्ञान परीक्षा देने की प्रक्रिया -
   - Step-1) संस्थान की वेबसाइट **www.samskritisansthan.com** पर जाएँ।
   - Step-2) संस्थान की वेबसाइट खुलने पर नीले रंग के बटन **संस्कृति ज्ञान परीक्षा (ऑनलाइन)** पर क्लिक करें।
   - Step-3) ऑनलाइन संस्कृति ज्ञान परीक्षा का पृष्ठ खुलने पर हिन्दी में परीक्षा के लिए - **परीक्षा के लिए यहाँ क्लिक करें** तथा अंग्रेजी में परीक्षा देने हेतु - **Please Click here for exam** बटन को क्लिक करें।
   - Step-4) Candidate Login खुलने पर संस्कृति ज्ञान परीक्षा कार्यालय, कुरुक्षेत्र द्वारा जारी किए गए **Email/Enrollment** तथा **Password** उसमें भरकर Login करें। जोकि विद्यालय को ई-मेल sgpkkr@gmail.com से भेजे गए हैं। इसके अभाव में कोई भी परीक्षार्थी लॉगिन नहीं कर सकेगा।
   - Step-5) लॉगिन होने पर परीक्षा के लिए निर्देश प्राप्त होंगे नीचे दिए गए बॉक्स में टिक कर अपनी सहमति प्रदान करें तथा टेस्ट प्रारम्भ करें। स्क्रीन पर प्रदर्शित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सही उत्तर दें।
   - Step-6) परीक्षा के लिए निर्धारित समय सीमा 60 मिनट के अंदर अपना प्रश्न-पत्र Submit करें।
6. ऑनलाइन संस्कृति ज्ञान परीक्षा में शुल्क जमा कर पंजीकृत हुए परीक्षार्थियों हेतु मोबाइल एप्पलीकेशन Google Play Store पर **Online SGP** के नाम से उपलब्ध है। उसका उपयोग करते हुए मोबाइल पर सरलता से परीक्षा दी जा सकती है।
7. यदि परीक्षा सम्पन्न करवाने में किसी प्रकार की कठिनाई आती है तो कृपया मोबाइल क्रमांक 7419432001, 7419432002, 7419432003, 7419432004 पर अथवा ई-मेल sgpkkr@gmail.com पर बिना किसी संकोच के सम्पर्क कर सकते हैं।

सहयोग के लिए आभार।

आपकी सेवा में सदैव तत्पर

- डॉ॰ रामेन्द्र सिंह

निदेशक